आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-198- ● कटनी ● शुक्रवार, 20 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## सोमनाथ के साथ होंगी अब माता पार्वती



**सोमनाथ।** गुजरात के ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को बड़ी सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में कई नई योजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमनाथ समुद्र दर्शन पैदल पथ, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और नवीनकृत अहिल्याबाई होलकर मंदिर का उद्घाटन किया। साथ ही श्री पार्वती मंदिर की आधारशिला रखी। पार्वती मंदिर श्वेत पत्थरों से बनाया जाएगा और इसकी ऊंचाई 71 फीट होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सावन के महीने में एक बड़ी शुरुआत हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आस्था को आंतक से कुचला नहीं जा सकता, सोमनाथ मंदिर हमारे विश्वास का प्रेरणास्थल है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का अस्तित्व मिटाने की कई बार कोशिश हुई, मंदिर जितनी बार गिराया गया उतनी ही बार खड़ा हुआ। आतंक ज्यादा दिनों तक मानवता को नहीं गिरा सकता है। आतंक का अस्तित्व स्थायी नहीं हो सकता है। दुनिया आज भी आतंक की विचारधारा से पीड़ित है। अतीत के खंडहरों पर आधुनिक गौरव का निर्माण हुआ है। समृद्ध भारत का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर। पीएम ने कहा कि देश का मूल भाव है सबका साथ, सबका विकास।

## सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी: बिल्डर्स सिर्फ पैसे का रंग या जेल की सजा समझते !



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को आदेश का जानबूझकर पालन नही करने वाली एक रियल एस्टेट फर्म को अवमानना का दोषी ठहराया। शीर्ष अदालत ने फर्म पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कहा कि बिल्डर्स केवल पैसे का रंग या जेल की सजा ही समझते हैं। शीर्ष अदालत ने आरिओ ग्रेस रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड को 15 लाख रुपये जुर्माने की राशि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के खाते में जमा कराने का निर्देश दिया है। साथ ही दो लाख रुपये वाद खर्च के तौर पर उन घर खरीदारों को देने का निर्देश दिया है, जिन्हें अदालत के आदेश के बावजूद फर्म ने रिफंड नहीं दिया था जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एमआर शाह की पीठ ने पाया कि पांच जनवरी को उसने राष्ट्रीय उपभोक्ता निवारण आयोग के पिछले साल 28 अगस्त के फैसले की पुष्टि की थी। एनसीडीआरसी ने फर्म को 9 फीसदी ब्याज के साथ खरीदारों का पैसा वापस करने का आदेश फर्म को दिया था। पीठ ने बिल्डर से कहा, हमने आपको पांच जनवरी को दो महीने के भीतर रिफंड का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसके बाद आपने एक याचिका दायर कर इस आदेश में संशोधन की मांग की थी, जिसे मार्च में खारिज कर दिया गया था। अब घर खरीदार हमारे सामने हैं, जिन्होंने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि आदेश के बावजूद बिल्डर ने अब तक भुगतान नहीं किया है। पीठ ने कहा, हमें भारी जुर्माना लगाना होगा या किसी को जेल भेजना होगा। बिल्डर्स सिर्फ पैसे का रंग या जेल की सजा समझते हैं। 10 बिल्डर की ओर से पेश वकील ने कहा कि भुगतान आज किया गया इस पर पीठ ने कहा, आपको मार्च में भुगतान करना था, आपने जानबूझकर हमारे आदेश का पालन नहीं किया है। हम इसे हल्के में नहीं जाने देंगे।

### क्विक अपडेट



#### मध्यप्रदेश में अब 31 अगस्त तक हो सकेंगे तबादले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के विभागों में तबादले अब 31 अगस्त तक हो सकेंगे, इसको लेकर आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में बाढ़ की वजह से तबादले नहीं हो पाए थे, इसलिए प्रदेश और जिला स्तरीय तबादलों की तारीख को बढ़ाकर 31 अगस्त किया गया है।

#### उज्जैन में लगे देश विरोधी नारे, दो दर्जन पर केस दर्ज

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के गीता कालोनी में गुरुवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने देश विरोधी नारे लगाए। जिस पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने दो दर्जन लोगों के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया है। इनमें सात लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। बताया जा रहा है कि देर रात पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हंगामे के वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे।

#### कॉलोनियों में पार्क की जमीन पर बने मकान-दुकान तोड़े जाएंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा विकसित कालोनियों में पार्क की जमीन पर कब्जा करके अथवा उसके उपयोग में परिवर्तन करके बनाए गए मकान एवं दुकान तोड़े जाएंगे। सहकारिता विभाग ने मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों से इसके बारे में रिपोर्ट मांगी है। पदाधिकारी लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। प्रदेश में कुल 2147 गृह निर्माण सहकारी समितियां रजिस्टर्ड हैं।

#### दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच चल रही मुठभेड़ में अभी तक दो दहशतगर्दों का खात्मा किया जा चुका है। मारे गए आतंकियों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। सुरक्षा बलों की संयुक्त की टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। जिसमें पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की टीमें शामिल हैं।

## काबुल हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद भी भारतीयों को सुरक्षित निकाला जाएगा



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को निकालने का काम जारी है। इसमें भारतीय वायुसेना की अहम भूमिका रही है। अब केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बयान जारी कर सेना की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिकों को सुरक्षा लाने के लिए प्रयास जारी हैं। सिंधिया ने कहा, काबुल हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद भी भारतीय वायुसेना हरक्यूलिस ग्लोबमास्टर विमान ने हमारे नागरिकों को देश वापस लाने के लिए अफगानिस्तान के लिए उड़ान भरी। हमारे लोगों को सुरक्षित वापस लाने के लिए ये उड़ानें चल रही हैं। बता दें, अब तक 150 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया जा चुका है और जो फंसे हैं, उनकी वापसी के लिए प्रयास जारी हैं। इस संबंध में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्री लगातार एक दूसरे से सम्पर्क बनाए हुए हैं। काबुल एयरपोर्ट अमेरिकी सेना के कब्जे में हैं। बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिक भी वहां फंसे हैं। अमेरिका का कहना है कि जब तक सभी नागरिक सुरक्षित नहीं निकाल लिए जाते, उसका ऑपरेशन जारी रहेगा।

## 15 दलों की आज सोनिया ने बुलाई बैठक

### विपक्षी एकजुटता दिखाने की कोशिश, आप-बसपा को न्योता नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र के खिलाफ विपक्षी एकजुटता दिखाने के लिए आज कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में बैठक बुलाई गई है। बैठक में 15 दल शामिल होंगे। बैठक शाम पांच बजे वर्चुअली तौर पर आयोजित होगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, महाराष्ट्र सीएम उद्धव ठाकरे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार समेत विपक्षी दलों के बड़े नेता इस बैठक शामिल होंगे। हालांकि, आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को इस बैठक के लिए न्योता नहीं भेजा गया है। दरअसल, इसी महीने की शुरुआत में ममता बनर्जी का दिल्ली दौरा हुआ था, दिल्ली दौरे के दौरान बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी समेत कई अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर ममता बनर्जी ने केंद्र को बता दिया था कि विपक्ष इतना कमजोर नहीं है, जितना सरकार समझ रही है। ममता- सोनिया की मुलाकात ने यह साफ कर दिया था कि विपक्षी दल अगामी लोकसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ने की योजना बना रहे हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विपक्षी एकता को और मजबूत करना है। साथ ही हाल



ही में मानसून सत्र के दौरान सदन में पेगासस कांड, किसान आंदोलन, महंगाई समेत अन्य मुद्दों को लेकर जिस तरह विपक्ष ने सरकार को घेरा उससे भी मोदी और भाजपा विरोधी दल एक दूसरे के पास आए। विपक्षी हंगामा के चलते सदन की कार्यवाही लगातार बाधित रही। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों में इसको लेकर एक बेहतर समन्वय स्थापित हुआ। वहीं, राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्ष का नया कलेवर देखने को मिला। इसके अलावा दोनों सदनों में विपक्ष को एकजुट करने में राहुल गांधी की उपस्थिति भी अहम रही।

### आखिरकार कैप्टन के साथ सिद्धू खेलने तैयार



**चंडीगढ़।** राज्य सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू और मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह एकजुट प्रयास पर सहमत हो गए हैं। दोनों नेताओं ने 10 सदस्यीय रणनीतिक नीति समूह गठित करने पर सहमति व्यक्त की। यह फैसला शुक्रवार सुबह लिया गया, जब सिद्धू ने कुलजीत नागरा और परगट सिंह के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पंजाब से जुड़े मुद्दों और पार्टी-सरकार के बीच तालमेल को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की।



### अफगान की चिंता छोड़ें, पहले अपना देश संभाल लें-ओवेसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद लगातार बिगड़ते जा रहे हालातों और महिलाओं के प्रति अत्याचार की आ रही खबरों के बीच असदुद्दीन ओवैसी ने भारत सरकार पर हमला बोला है। गुरुवार देर रात एआईएमआईएम के एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा कि भारत सरकार को उन महिलाओं की चिंता ज्यादा है जो अफगानिस्तान में हैं, लेकिन, अपने यहां की महिलाओं पर वे कुछ नहीं बोलते। एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि भारत में पांच साल से कम की उम्र में ही नौ में से एक बच्ची की मौत हो जाती है। यहां महिलाओं के प्रति अपराध और रेप के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लेकिन, हमें चिंता अफगानिस्तान में फंसी हुई महिलाओं की ज्यादा है।

### सोनिया गांधी की स्वीकृति का इंतजार

## कमलनाथ ने केंद्र में अपनी भूमिका निर्धारित की



**नई दिल्ली।** केंद्र की राजनीति से साफ इनकार कर चुके कमलनाथ ने हाईकमान को संतुष्ट करने के लिए केंद्र में अपनी भूमिका निर्धारित करके सोनिया गांधी को सूचित कर दिया है। गांधी परिवार की स्वीकृति मिलने के बाद कमलनाथ नई भूमिका में काम शुरू कर पाएंगे। कमलनाथ को कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तक का ऑफर दिया जा चुका है परंतु वह किसी भी कीमत पर मध्यप्रदेश छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। इसके कारण हाईकमान मायूस है और केंद्र में कमलनाथ की पकड़ कमजोर हो सकती है। दिल्ली में अपनी पावर बनाए रखने के लिए कमलनाथ ने एक नया प्रस्ताव दिया है। वह हिंदी राज्यों में कांग्रेस पार्टी के लिए अन्य दलों के साथ समन्वय का काम करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और दिल्ली जैसे प्रदेशों में कमलनाथ दूसरे क्षेत्रीय दलों के साथ समन्वय का काम करना चाहते हैं। इस प्रकार से वह मध्य प्रदेश की राजनीति में बने रहेंगे और हाईकमान के लिए भी थोड़ा बहुत काम कर देंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले तक माना जाता था कि कमलनाथ के दूसरी पार्टियों के नेताओं के साथ बड़े अच्छे संबंध है। हालांकि, 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने कमलनाथ की मंशा के अनुरूप गठबंधन करने से इंकार कर दिया था। भाजपा के खिलाफ क्षेत्रीय दलों के कमलनाथ के साथ नहीं आने के कारण मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया था और समर्थन की कमजोर सरकार समय से पहले गिर गई।

## कंधार और हेरात में भारतीय दूतावास में ताला तोड़कर घुसे तालिबानी



**काबुल।** अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होते ही तालिबान ने पैंतरे भी चलने शुरू कर दिए हैं। भारत के साथ वह वही चाल चल रहा है जो चीन और पाकिस्तान चलता आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से सामने आया है कि तालिबान ने काबुल पर कब्जा जमाते ही भारत से संपर्क साधा था और रिश्ते न तोड़ने की पेशकश की थी। इस बीच सबसे चौंकाने वाली खबर यह सामने आई है कि तालिबान के लड़ाके बुधवार को कंधार और हेरात में बंद पड़े भारतीय वाणिज्य दूतावास भी पहुंचे थे और तलाशी ली थी। सूत्रों के मुताबिक कंधार व हेरात में बंद भारतीय दूतावास में बुधवार को कुछ तालिबानी आतंकी घुसे थे और वहां कागजातों की छानबीन भी की थी। इसके बाद वे कुछ कागज और दूतावास के बाहर खड़ी कारें अपने साथ लेकर चले गए। भारतीय अधिकारियों का कहना है तालिबान अपने उस वादे के खिलाफ काम कर रहा है, जिसमें उसने दुनिया से किसी को नुकसान न पहुंचाने का आश्वासन दिया था। वहीं, हेरात में भी तालिबानियों ने वाणिज्य दूतावास परिसर में प्रवेश किया और वाहनों को ले गए। एक ओर जहां हक्कानी नेटवर्क कैडर बड़े पैमाने पर काबुल को नियंत्रित कर रहा है, दिवंगत मुल्ला उमर के बेटे और तालिबान सैन्य आयोग के प्रमुख मुल्ला याकूब के नेतृत्व वाला तालिबान गुट पश्तूनों की पारंपरिक सीट कंधार से सत्ता और सरकार लेने की योजना बना रहे हैं। मुल्ला बरादर 18 अगस्त को दोहा से आने के बाद मुल्ला याकूब से मिला है।

## विकास दुबे का एनकाउंटर फर्जी नहीं था, पुलिस को क्लीनचिट



**लखनऊ।** कानपुर के बहुचर्चित बिकरू कांड में जांच आयोग ने उत्तर प्रदेश पुलिस को क्लीन चिट दे दी है। बिकरू कांड की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया था, जिसने गैंगस्टर विकास दुबे को मुठभेड़ में मार गिराने वाली पुलिस टीम को क्लीन चिट दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. बीएस चौहान की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग का गठन किया गया था। इस जांच आयोग ने रिपोर्ट में स्वीकार किया कि विकास दुबे और उसके गैंग को स्थानीय पुलिस के अलावा जिले के राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण हासिल था। विकास को अपने घर पर पुलिस छापे की जानकारी स्थानीय चौबेपुर थाने से पहले ही मिल गई थी।

## राहुल हुए भावुक, पीएम ने किया राजीव को याद



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 77वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार (20 अगस्त) को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने पिता को याद किया और वीरभूमि जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस के नेता गुलाम नबी आज़ाद और अधीर रंजन चौधरी ने भी वीररभूमि पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के तौर पर मनाती है।

## बच्चों पर ट्रायल की मांगी अनुमति

### जानसन 12-17 वर्ष की उम्र के बच्चों पर स्टडी को तैयार




**नई दिल्ली।** 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जल्द कोरोना वैक्सीन मिलने की उम्मीद जगी है। फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन ने भारत में वैक्सीन के ट्रायल के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। कंपनी 12 से 17 वर्ष तक के बच्चों पर वैक्सीन का ट्रायल करेगी। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी कहा है कि बच्चों के लिए विकसित की जा रही वैक्सीन के नतीजे अगले महीने तक आ सकते हैं। अगर, सब कुछ ठीक रहा तो बच्चों को जल्द ही कोरोना वैक्सीन मिल सकती है। एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी कुछ दिन पहले बयान दिया था कि भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के दूसरे व तीसरे चरण के परीक्षणों के नतीजे सितंबर तक सामने आ जाएंगे।




## जलवायु परिवर्तन: जहां इतिहास में पहले कभी नहीं हुई बारिश वहां झमाझम

**वेब डेस्क।** दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन का व्यापक असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगा है। इसका ताजा प्रभाव दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड में देखने को मिला। आर्कटिक और अटलांटिक महासागरों के बीच दुनिया के सबसे ठंडे और बर्फीले इलाकों में से एक ग्रीनलैंड में पिछले हफ्ते कई घंटों तक जमकर बारिश हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि इस देश के अब तक के इतिहास में कभी बारिश का कोई रिकॉर्ड नहीं रहा हालांकि, इस बार बारिश ग्रीनलैंड की सबसे ऊंची बर्फीली सतह पर हुई।

### क्या थी ग्रीनलैंड में बारिश की वजह?

वैज्ञानिकों ने बुधवार को ग्रीनलैंड के ऊंचे हिस्से में बारिश की पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनलैंड में आमतौर पर पूरे साल बर्फ गिरती है। ऐसे में पूरे द्वीप का पारा फ्रीजिंग पॉइंट (हिमांक बिंदु), जो कि पानी के जमने का पारा (0 डिग्री सेल्सियस) है, उससे नीचे ही रहता है। लेकिन जलवायु



परिवर्तन का असर अब ग्रीनलैंड तक पहुंच गया है और इसकी वजह से ही यहां पारा फ्रीजिंग पॉइंट से ऊपर पहुंच गया, जिससे पानी बरसने की घटना पहली बार दर्ज की गई। ग्रीनलैंड के नेशनल स्नो एंड आइस डेटा सेंटर के वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले एक दशक में यह तीसरी बार है जब आर्कटिक रिसर्च स्टेशन में द्वीप के किसी क्षेत्र का तापमान फ्रीजिंग पॉइंट के ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बताया गया है कि इस बारिश की वजह से द्वीप के दक्षिणपूर्वी तट पर स्थित बर्फ की चादर तेजी से पिघली है। यह घटना जुलाई में बर्फ के तेजी से पिघलने की घटना के ठीक बाद हुआ है। वैज्ञानिकों ने अब आर्कटिक में लगातार बर्फ के पिघलने की घटना पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे दुनियाभर में समुद्र का स्तर तेजी से ऊपर जा रहा है।

### समुद्र से 10,551 फीट ऊपर बर्फीली सतह पर गिरा 7 अरब टन पानी

डेटा सेंटर के मुताबिक, ग्रीनलैंड की सबसे ऊंची सतह समुद्र की सतह से करीब 10 हजार 51 फीट ऊपर है। यहां पिछले हफ्ते तापमान फ्रीजिंग पॉइंट से ऊपर दर्ज किया गया। अनुमान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में बर्फीली सतह पर महज तीन दिन के अंदर ही 7 अरब टन बारिश का पानी गिरा। बता दें कि ग्रीनलैंड का 6 लाख 56 हजार वर्ग-मील का बर्फीला इलाका हर साल घटता-बढ़ता रहा है। हालांकि, ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते बर्फ के पिघलने की घटनाएं काफी तेज हो गई हैं। कुछ जलवायु मॉडल्स में तो यहां तक कहा गया है कि अगर मौजूदा हालात बरकरार रहे, तो आर्कटिक महासागर से 2050 तक बर्फ का नामोनिशान मिट सकता है।

# रक्षाबंधन : चंद्रमा और गुरु की युति से बन रहा विशेष योग

## तीन राशियों की बदलने वाली है किस्मत, तीनों राशियों के लिए बहुत शुभ है यह त्यौहार



**कटनी।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस बार रविवार 22 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर जहां बाजारों में खासी चहल-पहल देखी जा रही है तो तो वहीं हर घर में पर्व की तैयारियां हो रही हैं। पिछले साल कोरोना संक्रमण की वजह से रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ ही नहीं मनाया जा सका था लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद पर्व को लेकर चहुंओर उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्व के मद्देनजर शहर का बाजार राखी और रूमाल की दुकानों से सज गया है। बहनें अपने भाईयों के लिए मनपसंद राखियां खरीद रही हैं, तो वहीं भाई भी अपनी बहनों के लिए तोहफा खरीद रहे हैं। आज शुक्रवार और कल शनिवार को शहर के बाजारों में खरीददारी के लिए भारी भीड़ उमड़ेगी। रक्षाबंधन का त्योहार इस साल ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से भी बहुत मायने रखता है। 22 अगस्त दिन रविवार को रक्षाबंधन के दिन भद्राकाल नहीं रहेगा। इसका मतलब यह है कि इस बार रक्षाबंधन पर बहनें कभी भी किसी भी समय अपने भाई को राखी बांध सकती हैं। ज्योतिषशास्त्र की अगर मानें तो चंद्रमा कुंभ राशि में आने वाला है और देवगुरू बृहस्पति पहले से ही कुंभ राशि में विराजमान है। ऐसे में इस दिन इन दोनों की युति एक खास तरह का योग बना रही है, जिसे गज केसरी योग कहते हैं। इस योग का असर कुछ राशियों पर बेहद ही शुभ पड़ने वाला है।



### धनु राशि : यश की प्राप्ति, रूके काम बनेंगे

चंद्रमा और बृहस्पति की युति से बनने वाले योग के कारण धनु राशि के जातकों पर अच्छा असर पड़ने वाला है। इस योग की वजह से जातकों के जीवन में यश की प्राप्ति होगी। काम में सफलता मिलेगी। रूके हुए काम पूरे होंगे। यदि पिछले कुछ समय से जरूरी लेन-देन करना चाह रहे थे तो यह समय आपके लिए बेहद अनुकूल है।

### मीन राशि : परेशानियों का होगा अंत

मीन राशि के जातकों के जीवन में जो परेशानी लंबे समय से चली आ रही थी, अब उसके खत्म होने का समय आ गया है। ये योग आपके सपने को पूरा कर सकेगा। बस मेहनत पर ध्यान देने की जरूरत है। आसानी से आपके सारे काम बनेंगे। आपके काम के लिए अपकी तारीफें भी होंगी। इसका मतलब यह है कि गज केसरी योग मीन राशि वालों के लिए शुभ समय लेकर आ रहा है।

### कर्क राशि : आय बढ़ेगी, सहयोग मिलेगा, खुशियां आएंगी

इस राशि के जातकों के लिए गज केसरी योग बेहद ही खास समय लेकर आ रहा है। क्योंकि इस राशि के स्वामी चंद्र हैं और वे ही गुरू के साथ मिलकर इस योग का निर्माण कर रहे हैं। लिहाजा कर्क राशि वालों के लिए यह योग बेहद ही शुभ साबित होने वाला है। इस दौरान आपको अपने सारे कामों में सफलता मिलेगी। आय बढ़ेगी, सभी का सहयोग मिलेगा, जीवन में खुशियां आएंगी।




## अंजना जायसवाल बनीं हरियाली क्वीन

### जायंट्स वैदेही ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**कटनी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही ने जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति संतोष जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। हरियाली तीज, जिसमें जज जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन की फेडरेशन ऑफीसर श्रीमती निशा तिवारी, जायंट्स वैदेही की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सरावगी, श्रीमति शशि यादव, को निर्णायक मंडल चुना गया। प्रतियोगिता में शामिल सदस्यों में प्रथम चरण में प्रश्न-उत्तर, द्वितीय चरण में कलर मैचिंग, तृतीय चरण में जायंट्स से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर किए गए, इसके पश्चात हरियाली क्वीन के लिये जजेज ने श्रीमति अंजना जायसवाल को चुना, उन्हें हरियाली क्वीन का ताज पहनाया गया और पुरूस्कार भी दिये। द्वितीय श्रीमती हनी शिवहरे, तृतीय श्रीमति रजनी पुरवार को भी पुरूस्कार प्रदान किये। वैदेही ने सभी को तीज उपहार दिए। सभी ने भविष्य में जायंट्स के प्रति, बेहतर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। सभी एकजुट होकर एक रंग में रंग कर एकता और संगठन का उपदेश दिया। उपस्थित वैदेही सदस्यों में सीमा लहरिया, ज्योति, अंजलि, स्नेहलता सोनी, उपाध्यक्ष रीना चौहदा, वित्त संचालक श्रीमति सविता पुरवार, पायल जेतवानी, चंचल पुरवार, ऊषा पुरवार एवं प्रशासन संचालक मंजू नेमा ने आभार व्यक्त किया।

## चालानी कार्यवाही के बावजूद नहीं आ रही जागरूकता

### नियमों का उल्लंघन करने पर 76 लागों से वसूला जुर्माना



**कटनी।** कोविड -19 की वर्तमान संक्रमण दर एवं संभावित तीसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए समुदाय में संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले एवं स्वस्थ्य अमले द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थलों में कोविड-19 की गाईडलाईन का उल्लंधन कर चेहरें पर मास्क का उपयोग न करके सार्वजनिक स्थलों में घूमनें वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की जा रही है। प्रशांत परौहा नें बताया कि संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के उद्धेश्य से निगम प्रशासन की गठित अतिक्रमण टीम द्वारा मिशन चौक में तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा माधवनगर में अभियान चलाकर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमनें वाले 76 व्यक्तियों पर 7600/- तथा रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की जाकर नागरिकों को मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकलनें की समझाईश दी गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नगारिकों से घरों से निकलते समय चेहरे पर मास्क लगानें एवं सार्वजनिक स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर संक्रमण को फैलनें से रोकनें एवं स्वयं तथा परिवार के सदस्यों को इस महामारी से बचनें की अपील की है।



## गांव की सकरी गली में फंसा गौवंश से लोड कंटेनर

### 40 मवेशियों की मौत, चालू वाहन छोड़कर भागा चालक, कंटेनर में लोड थे 62 नग गाय-बछड़े, राजस्व व पुलिस ने की कार्यवाही

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम मसंधा में मवेशियों से लोड कंटेनर फंस जाने से 40 मवेशियों की मौत हो गई। वहीं वाहन में लोड एक दर्जन मवेशी घायल हुए, जिन्हें उपचार के बाद गौशाला भेज दिया गया। मृत मवेशियों को अधिकारियों की उपस्थिति में राजा सलैया के समीप जंगल में दफनाया गया है। गौवंश की तस्करी करने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 429 मप्र गौवंश अधिनियम, मप्र गौवंश क्रूरता अधिनियम व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

जानकारी अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात बजे कंटेनर क्रमांक एम.एच.18एए-8288 मवेशियों का परिवहन कर रहा था। ग्राम मसंधा में ग्राम के अंदर संकीर्णता के चलते कंटेनर फंस गया। वाहन के चालक ने निकालने का प्रयास किया लेकिन जब वह असफल रहा तो चालू हालत में वाहन छोड़ कर भाग निकला। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो वाहन स्टार्ट था और अंदर गौवंश लोड था। ग्रामीणों की सूचना पर एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम संघमित्रा गौतम, एसडीओपी मोनिका तिवारी, तहसीलदार विजय द्विवेदी, बहोरीबंद टीआई रेखा प्रजापति, स्लीमनाबाद टीआई संजय दुबे, बाकल थाना प्रभारी अनिल काकड़े मौके पर पहुंचे जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। कंटेनर में कुल 62 मवेशी लोड थे जिनमें से 40 काल कवलित हो गए। जिनका पोस्टमार्टम पशु उपसंचालक आर पी अहिरवार की उपस्थिति में किया गया और फिर दफनाने की प्रक्रिया की गई जबकि 12 मवेशियों को गौशाला भेजा गया। पुलिस ने कंटेनर जप्त कर लिया है और वाहन मालिक व चालक की पतासाजी की जा रही है ।

### गौतस्करी का गढ़ बना क्षेत्र

ग्रामीणों का कहना था कि बाकल, बहोरीबंद क्षेत्र गौ तस्करों के लिए सुरक्षित गढ़ बन गया है। पशु तस्करी को लेकर बार-बार ग्रामीणों द्वारा पुलिस को जानकारी दी जाती है लेकिन ठोस कार्रवाई की बजाय अनदेखी की जाती है। कंटेनर फंसने से पशु तस्करी का मामला उजागर हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि गौ तस्कर स्थानीय जनों को अपने जाल में फंसा कर पैसा देकर लोगों को गुमराह करते हैं और इस धंधे में जोड़ रहे हैं। इससे पूर्व भी 29 जनवरी को बाकल क्षेत्र में कंटेनर पलटने से उसमें लोड आधा सैकड़ा मवेशियों की मौत हुई थी और गौ तस्करी का मामला सामने आया था।



## शहर में जल्द स्थापित होगी भगवान परशुराम की प्रतिमा

### शासन के आदेश पर नगर निगम ने तैयार किया प्रस्ताव



**कटनी।** शहर के किसी एक चौराहे को भगवान परशुराम चौराहा नाम दिया जाएगा तथा वहां भगवान परशुराम की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इस संबंध में शासन से अनुमति मिलने के बाद नगर निगम ने भी प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अब सिर्फ चौराहे का चयन होना शेष है। जिसका नामकरण भगवान परशुराम चौक किया जाएगा तथा वहां अष्ठधातु से निर्मित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। गौरतलब है कि शहर का ब्राम्हण वर्ग लगातार शासन व प्रशासन से शहर के किसी एक चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम चौक करने के साथ ही वहां भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने की मांग कर रहा था। जिसे शासन ने गंभीरता से लिया और लगभग दो माह पूर्व इस संबंध में नगर निगम प्रशासन को योजना बनाकर अमली जामा पहनाने के आदेश दिए। बताया जाता है कि शासन से आदेश मिलने के बाद नगर निगम प्रशासन के द्वारा भी इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है तथा अब चौराहे का चयन होना शेष है। वहीं इस संबंध में गतदिवस जिला एवं नगर ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे से मिले और इस संबंध में चर्चा कर शीघ्र शहर के किसी एक चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने व चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौक करने की मांग की। ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों की मांग पर नगर निगम आयुक्त श्रीधाकरे ने भी शीघ्र इस प्रस्ताव पर अमली जामा पहनाने का आश्वासन दिया। नगर निगम आयुक्त से मिलने वालों में नगर ब्राम्हण समाज अध्यक्ष राजू शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, जिला ब्राम्हण समाज प्रवक्ता विवेक शुक्ला, प्रेम प्रकाश दीक्षित, बिल्लू शर्मा, संजय शर्मा, विक्रांत शर्मा, दीपक तिवारी, सूर्यकान्त मिश्रा, पप्पू गर्ग आदि शामिल थे।

### गर्ग चौराहे को प्राथमिकता

नगर निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे जिला एवं नगर ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने शहर के गर्ग चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम चौक करने व वहां भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। वहीं नगर निगम आयुक्त श्रीधाकरे ने यातायात के लिहाज से बेहद व्यस्तम गर्ग चौराहे की बजाय किसी दूसरे चौराहे का चयन करने की बात कही। जिस पर ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने भी सहमति जताई और शहर के विभिन्न चौराहों का भ्रमण कर किसी एक चौराहे का चयन करने की बात दोहराई। समझा जाता है कि रक्षाबंधन पर्व के बाद इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।



## थाना पहुंचने वाले हर मामले की हो निष्पक्षता से जांच

### क्राइम मीटिंग में एसपी के शख्त निर्देश, अपने-अपने क्षेत्रों के अपराधियों की कुंडली तैयार करें थाना प्रभारी

**पुलिस कंट्रोल रूम में त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और अपराधों के संबंध में हुई समीक्षा**

**कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और अपराधों के संबंध में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्धारा क्राइम मीटिंग ली गई। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने जिले में घटित अपराधों के संबंध में समीक्षा के दौरान बारी-बारी से सभी थाना प्रभारियों से रूबरू हुए। बैठक में दूसरे प्रदेशों में बढ़ रहे कोरोना को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए। कहा कि थाना क्षेत्र में समय-समय पर वाहन चेकिंग, गश्ती व वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करे। साथ ही ध्यान रहे थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों का निराकरण हो। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। अवैध शराब की बिक्री होने पर सख्त कार्रवाई कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे।

### इन मामलों की हुई समीक्षा

क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, समन तामिल की समीक्षा की। थाना स्तर पर विवेचना में लंबित अपराध, महिला संबंधी अपराध, एससीएसटी अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान, उदघोषित फरार बदमाश, स्थाई वारंट, गिरफ्तारी वारंट के साथ सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर चर्चा की। कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लिया जाए और निर्धारित समयसीमा में निराकरण करें। एसपी ने एक–एक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। जिन थाना प्रभारियों द्वारा प्रकरणों के निराकरण में रूचि नहीं ली गई है। उन्हें आवश्यक रूप से समझाइश व सख्त निर्देश दिया गया है। समीक्षा के दौरान वर्तमान समय में लंबित शिकायतों व राहत प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के दिए आवश्यक निर्देश।

### क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत करें कार्रवाई

एसपी मयंक अवस्थी ने त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। एसपी ने कहा कि आने वाले दिनों में त्योहारों का सीजन शुरू हो रहा है। त्योहारों में विधि व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से मीटिंग ली गई है। क्योंकि चंद लोग ही सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के निर्देश दिए। कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के दृष्टिकोण से संवेदनशील मानें जाने वाले स्थानों को चिन्हित करें। साथ ही पूजा समिति के साथ बैठककर सरकार द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी उपलब्ध कराएं। सभी थाना प्रभारी और पूजा समिति के लोग शांति समिति की बैठक कर समीक्षा करें। एसपी ने कहा कि पर्व के दौरान अशांति फैलाने की मानसिकता पालने वाले लोगों के विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सिटी मॉल बरही रोड में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से
बेल बॉटम
कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## अब लैंगिक भिन्नता की सोच को बदलने का समय

### लैंगिक समानता पर गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार

**कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय में आंतारिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा विश्व बैंक की आकादमिक उत्कृष्टता गतिविधियों के अंतर्गत 5वें सतत विकास लक्ष्य लैंगिक समानता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डॉ गुप्ता ने बताया की इस वेबीनार का उद्देश्य लैंगिक समानता लाने हेतु छात्राओं को जागरूक करना हैं।**







इस वेबीनार की कन्वेनर डॉ रश्मि चतुर्वेदी कोऑडिनेटर, आईक्यूएसी, विश्व बैंक ने बताया कि इस दो दिवसीय वेबीनार में 3 सत्र आयोजित किये गये। प्रथम दिवस प्रथम सत्र में डॉ0 नम्रता शर्मा, डायरेक्टर अकादमिक स्टॉफ कॉलेज, मानव संसाधन विकास केन्द्र, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर थी। डॉ नम्रता शर्मा ने जेन्डर स्टीरियों टाइप पर अपनी बाते रखीं। उन्होंने कहा कि हमें लोगों में लैंगिक भिन्नता की सोच को बदलना होगा। लिंग भेद नहीं होना चाहिए। उन्होने उदाहरण दिया कि आज महिलाएं भी पोस्ट ऑफिस में कार्य करती हैं पर हम अभी भी सिर्फ पोस्टमैन की बात करते है। पुलिस की बात करते है तो वर्दीधारी पुलिसमैन की बात जहन में आती हैं। नर्स के पेशे की बात करते है तो केवल महिला नर्स की बात जहन में आती हैं। उन्होने ने इस सोच में प्राथमिक शिक्षा से बदलाव लाने की बात कही। वेबीनार के कन्वेनर आईक्यूएसी की सदस्य डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया की द्वितीय दिवस वेबीनार के द्वितीय सत्र में तिलक महाविद्यालय की प्रो डॉचित्रा प्रभात ने लैंगिक समानता पर आदि काल से वर्तमान काल तक परिस्थितियों का जीवंत चित्रण किया। उन्होने कहा कि नारी जब परिवार चला सकती है तो देश भी चला सकती है। उन्होंने 2005 में हुये जेन्डर बजटिंग की भी बात करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में महिलाओं का वर्चस्व हैं लेकिन तकनीकि शिक्षा में महिलाओं की कमी हैं। इसके पीछे परिवार की सोच को बताया हैं। उन्होने महिलाओं के पक्ष में शबरीमाला केस व तीन तलाक का भी जिक्र किया। लैंगिक समानता के लिए वैश्विकता के दौर में मीडिया, शिक्षा संस्थानों, परिवार, तथा शिक्षको की भूमिका का महत्व बताया। तृतीय सत्र की वक्ता पूर्व प्रो डॉ विभूति पटेल, भारतीय महिला शिक्षा संघ की उपाध्यक्ष, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मु बंई की थी। इन्होने ने महिलाओं की आजादी के पूर्व के बाद की स्थिति संविधान में महिलाओं से संबंधित नियमों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने विभिन्न हेल्प सेंटर के संपर्क सूत्र भी साझा किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागी सम्मिलित हुये। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्रो अमिताभ पाण्डेय, सलाहकार समिति, संयोजक समिति तथा भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता, सुश्री प्रीति तिवारी, श्रीमती पूनम गर्ग, श्रीमती श्रद्धा वर्मा एवं श्रीमती रत्नेश कुशवाहा का योगदान रहा।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

### विजयराघवगढ़ में नवागत सीएमओ ने ली समीक्षा बैठक



**विजयराघवगढ़।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ कार्यालय में विगत 17 अगस्त को पदभार ग्रहण कर नवागत मुख्य कार्य पालन अधिकारी राकेश शुक्ला द्वारा जनपद क्षेत्र के अधीनस्थ कर्मचारियों, डीओ, पीसीओ एपीओ, लेखापाल, ग्राम पंचायत क्षेत्र के सचिव एवं रोजगार सहायकों की जनपद पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ राकेश शुक्ला द्वारा सीएम हेल्पलाइन, मनरेगा, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद निधि, विधायक निधि, पेंशन योजना आदि के क्रियान्वयन को मूर्त रूप देने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके उपरांत श्री शुक्ला द्वारा उपस्थित कर्मचारियों से ग्राम पंचायत क्षेत्र में मनरेगा, पीएम आवास एवं शौचालय निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया कि शासन की उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में किया जाए। किसी तरह की लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में हर्षित असाटी, राजेंद्र तिवारी, अनुराग सिंह, पीसी पयासी, नंद कुमार मिश्रा, राजेंद्र पाटकर, सावित्री पेंड्रा, पंचम रैदास, इंद्रपाल पटेल, राजेंद्र विश्वकर्मा, शिव मोहन सिंह, विकास दत्त मिश्रा, शरद श्रीवास्तव, रिंकू दुबे, शिवानंद विश्वकर्मा, शिवेंद्र सिंह सहित सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।

## गाटरघाट में कजलियां मेला की तैयारी

### कृत्रिम कुंड में होगा कजलियां का विसर्जन



**कटनी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित श्रीराम मंदिर गाटरघाट में कजलियां का मेला बारडोली उत्सव समिति के तत्वधान में कोविड-19 व शासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए धूमधाम से मनाया जाएगा। विदित हो कि इस कार्यक्रम में कटनी शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हर वर्ष पहुंचते हैं। गाटरघाट पुल निर्माण हो जाने से नदी के घाट समाप्त हो गए हैं, जिस वजह से बारडोली उत्सव समिति द्वारा कृत्रिम कुंड की स्थापना की जा रही है। सभी धर्मावलंबियों से निवेदन किया गया है कि नदी से दूरी बनाते हुए कृत्रिम कुंड में ही कजलियां पूजन करें। विगत कई वर्षों से देखा जा रहा है कि वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपराएं व मान्यताएं समाप्त होती जा रही है। पुरानी परंपराओं को जीवित रखने के लिए बारडोली उत्सव समिति के अध्यक्ष राजू रजक ने जहां चाह वहां राह है के मूलमंत्र को शिरोधार्य करते हुए इस मेले में सहयोग प्रदान करते हुए विशेष व्यवस्था की है, जिसमें कृत्रिम कुंड पानी की व्यवस्था धर्मावलंबियों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि भी शामिल है। 23 अगस्त को कजलियां का महापर्व दोपहर 3 बजे से श्री राम मंदिर चंद्रशेखर आजाद वार्ड गाटरघाट में धूमधाम से संपन्न होगा।

## योग और जड़ी बूटियों से रोगों के निदान की दी जानकारी



### जिला जेल परिसर में निःशुल्क योग कार्यक्रम का आयोजन



**कटनी।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन एवं दिव्य बुद्ध योग संस्थान के तत्वाधान में निःशुल्क योग कार्यक्रम जिला जेल में आयोजित किया गया, जिसमें जेल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। जिसमें मुख्य रुप से प्रदेशध्यक्ष योग गुरु अजय चौधरी एवं प्रदेश शैक्षणिक संरक्षण पी एल वर्मा, दिव्य बुद्ध योग के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्रदेश संगठन सचिव रामकुमार द्विवेदी, संभागीय संगठन सचिव गजेंद्र राय, जेल अधीक्षक लीना कोस्टा एवं जेलर अरविंद एवं अन्य साथी उपस्थित रहे। इसके पहले रेलवे स्टेशन में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। आठ प्रणायाम भस्त्रिका एकपालभाती अनुलोम विलोम आसन और यम नियम प्रत्याहार धारणा ध्यान के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। योग गुरु अजय कुमार द्वारा साध्य असाध्य रोगों के निदान की चर्चा की गई और जेल परिसर में औषधि जड़ी बूटियों को बढ़ावा देकर रोगों के निदान के लिए बताया गया। रोग में मोटापा थायराइड, गुप्त रोग, गले, खांसी, बुखार जैसी बीमारियों को दूर करने के सामाजिक वानिकी वन वृत्त इकाई सीतापुर में उपलब्ध फलदार छायादार एवं देशी जड़ी बूटी अश्वगंधा, गिलोय, लोवेरा, सर्पगंधा काल की जानकारी दी गई। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश शैक्षणिक संरक्षण के प्रमुख एल वर्मा द्वारा 5 पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया एवं समता समानता स्वतंत्रता के विषय पर प्रकाश डालें। राम कुमार द्विवेदी द्वारा संगठन के विषय पर संगठन को मजबूत करने के लिए वक्तत्व दिए।

## त्यौहारों के दौरान करें गाइडलाइन का पालन,बहोरीबंद थाने में शांति समिति की बैठक





**कटनी।** बहोरीबंद थाने में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, तहसीलदार विजय द्विवेदी एवं निरीक्षक रेखा प्रजापति द्वारा थाना परिसर में नागरिकों को आमंत्रित कर मुहर्रम, रक्षाबंधन, कजलियां के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में सभी से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील करते हुए क्षेत्र की कुशलता के बारे में जानकारी ली। कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए नई गाइडलाइंस की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार का जुलूस या अधिक भीड़ नहीं होने की अपील की गई। कोरोना महामारी से बचाने को लेकर चर्चा हुई। सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। सभी लोगों को एक दूसरे को जानकारी देने के विषय में भी चर्चा हुई एवं क्षेत्र की समस्याओं और क्षेत्र की कुशलता के बारे में और भी अन्य चर्चा की गई। इस मौके पर इंद्र कुमार पटेल, रवि पांडे, वीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र पौराणिक, शशि भूषण तिवारी, अजय गर्ग, नरेंद्र सैनी, देव सिंह पटेल, सादिक खान, राजेश रजक, कमलेश, अनार पटेल, विजय पटेल, छुन्ना खान एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## छात्रावास के बच्चों के साथ राखी मनाएगा होप ग्रुप

**कटनी।** अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सदैव अग्रणी शहर की सामाजिक संस्था होप ग्रुप द्वारा पिछले साल की तरह इस साल भी रक्षाबंधन का त्यौहार जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया जाएगा। होप ग्रुप के नीतेश नायक ने जानकारी देते हुए बताया किहोप ग्रुप के सदस्य माधवनगर छात्रावास एवं झिन्झरी स्थित आसरा गृह में बच्चों से राखी बंधवाकर पर्व को उत्साह के साथ मनाएंगे। इस दौरान बच्चों को सामग्री भी वितरित की जाएगी एवं एवं पौधारोपण भी किया जायगा। होप ग्रुप ने सभी सदस्यों से 21 अगस्त को दोपहर साढ़े 12 बजे उम्मीदों की दुकान, नई बस्ती मं एकत्रित होने का आग्रह किया है।

### भूखण्ड/भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती किरण कान्ता सेठी पति श्री शुभ कुमार सेठी** निवासी-शांति नगर कालोनी कटनी (म.प्र.) ने शांति नगर कालोनी कटनी स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी-14 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन **सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा** के नाम से आवंटित है। यदि भूखण्ड/भवन का लीज नामांतरण/हस्तांतरण **किरण कान्ता सेठी** के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्यों/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति है तो ये ठोस प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नामान्तरण की कार्यवाही आपके पक्ष में कर दी जायेगी। इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी, म.प्र.गृ.नि. एवं अधो.वि. मण्डल संभाग, कटनी**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
वेन्टीलेटर सुविधा ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट सर्वसज्ज डी-व्याजन यूनिट
आयुष्मान भारत निरामयम, ई.एस.आई., राज्य शासकीय कर्मचारी, एम.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

### कार्यालय- प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी

●26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त ●अग्रणी महाविद्यालय, जिला- कटनी ●
Phone : 07622-292113, E-Mail : gtc_katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in

क्र./336/ शातिम/कन्या छात्रावास/21-22 — कटनी, दिनांक 10.08.2021

### कन्या छात्रावास में मेस की व्यवस्था हेतु निविदा का आमंत्रण

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्रारम्भ हो रहे कन्या छात्रावास (50 सीटर) में स्वल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था (सुबह एवं शाम) हेतु निविदाएं आमंत्रित हैं।

जिसकी शर्ते इस प्रकार हैं :-

(1) हॉस्टल की छात्राओं को प्रातः नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय एवं बिस्किट तथा रात्रि का भोजन होगा।
(2) मेस संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी महावि. से कार्यालयीन समय में प्रभारी डॉ. माधुरी गर्ग, प्राध्यापक हिन्दी, 9424956438, श्री शंकर लाल तिवारी, 9977537854 से सम्पर्क कर प्राप्त करेंगे।
(3) महिला छात्रावास में भोजन संचालन/ बनाने में संलग्न **कर्मचारी सभी महिला** होना अनिवार्य है।
(4) भोजन निर्माण की समस्त सामग्री एवं भोजन वितरण सामग्री (कैटरिंग) की व्यवस्था आपकी स्वयं की होगी।
(5) बिजली से चलने वाले समस्त उपकरणों का प्रयोग, जिनका उपयोग आपके द्वारा किया जायेगा, आने वाले बिजली बिल का भुगतान/ व्यय आपके ही द्वारा किया जायेगा।
(6) आप प्रति छात्रा प्रतिदिवस के मान से प्रातः नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय एवं बिस्किट तथा रात्रि के भोजन के कुल मूल्य को प्रस्तावित करेंगे।
(7) निविदा प्रस्तुतकर्ता द्वारा : तकनीकी निविदा (प्रथम लिफाफा) जिसमें फर्म/ दुकान का नाम, पता, आयकर रिटर्न (पिछले 03 वर्षों का), जी.एस.टी. नम्बर का प्रमाण पत्र, पैनकार्ड, आधार कार्ड, खाद्य सुरक्षा अधिनियम द्वारा जीवित पंजीयन विवरण, बैंक खाता का विवरण एवं मोबाईल नम्बर देंगे।
(8) वित्तीय निविदा (दूसरा लिफाफा): जिसमें सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय-बिस्किट एवं रात्रि का भोजन, दूध एवं फल इत्यादि का मूल्य संलग्न विवरण के अनुसार प्रति छात्र का प्रतिदिवस में मूल्य अंकित करना होगा। निविदा सीलबंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन तिथि से 21 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। समय-सीमा में प्राप्त निविदाओं को अगले कार्यदिवस में दोपहर 03.00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जायेंगी। इस अवसर पर निविदाकार/उनके प्रतिनिधि कोरोना गाईडलाईन्स का पालन करते हुये उपस्थित रह सकते है।
(9) प्राप्त निविदाओं में न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महावि. कटनी के पास होगा एवं इस संबंध में फर्म/ संस्था द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा।
(10) शर्तानुसार/नियमानुसार प्राप्त होने वाली निविदाओं में दो या दो से अधिक निविदा कर्ताओं द्वारा समान दरें प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में कार्य का आवंटन फर्म की अर्हक योग्यता, दस्तावेज टर्न ओवर के आधार पर किया जायेगा।
(11) निविदा कर्ताओं को समस्त शासकीय नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**मीनू विवरण**
**छात्रावास स्तर पर बालिकाओं की समिति द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।**
**नाश्ते की साप्ताहिक व्यंजन सूची**
**(सोमवार से रविवार बदल-बदल कर)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | इडली सांभर | 3 नग |
| 2. | सांभर बड़ा | 3 नग |
| 3. | पोहा जलेबी | 1 प्लेट पोहा, जलेबी 50 ग्राम |
| 4. | ब्रेड पकौड़ा/सेंडविच | 2 नग |
| 5. | दही अजवाईन पराठा | 2 नग |
| 6. | आलू पराठा/पकौड़े/ उपमा | 2 नग पराठा/1प्लेट पकौड़े/1प्लेट उपमा |
| 7. | स्मोसा | 2 नग |
| 8. | अंकुरित (फ्राइड) | 70 ग्राम |
| 9. | चाय | 1 कप |

**दोपहर तथा रात का भोजन**
**(सप्ताह में 07 दिन निम्नलिखित में से कोई एक बदल-बदल कर)**

(1) **चावल (दुबराज/बासमती)**
- जीरा फ्राइड चावल
- वेजीटेबिल चावल
- सादा चावल

(2) **दाल**
- दाल तड़का - अरहर
- दाल फ्राइड - अरहर
- दाल मिक्सड
- दाल मखानी/मूंग दाल/मसूर दाल

**(सप्ताह के सातों दिन दोपहर तथा रात्रि के भोजन में निम्नलिखित में से कोई एक बदल-बदल कर)**

(3) **सब्जियां**
- कढ़ी पकौड़ा
- मिक्स्ड वेजीटेबिल
- पनीर की सब्जी
- दम आलू
- राजमा मसाला
- चना देशी मसाला
- भिण्डी मसाला
- मटर टमाटर
- लौकी टमेटो
- लौकी कोफ्ता करी
- मौसम अनुसार सब्जियां
- सूखी सब्जी (आलू टमाटर)
- बैंगन भरता
- आलू रसदार सब्जी

(4) **दही (सप्ताह के 03 दिन दोपहर भोजन में निम्नलिखित में से कोई एक)**
- बूंदी रायता
- दही बड़ा
- मिक्स वेज रायता
- कुकुम्बर टमेटों

(5) **अचार (इनमें से कोई एक अचार दोनों समय दोपहर तथा रात्रि के भोजन में)**
- मिक्स्ड अचार
- आम का अचार

(6) **सलाद (इनमें से कोई एक सलाद दोनों समय दोपहर तथा रात्रि के भोजन में)**
- ग्रीन सलाद
- ऑनियन टमेटों
- कुकुम्बर ऑनियन

(7) **रोटी**
- गर्म चपाती शर्बती गेहूं के आटे की, जिसमें रागी एवं अन्य अनाज भी मिलाये जा सकते है।

(8) **विशेष भोजन-5 बार माह में कभी भी (सप्ताह में एक बार रात्रि के भोजन में)**
- पूरी/ बाटी
- वेज पुलाव
- छोला, राजमा
- दाल मखानी

(9) **रविवार का विशेष भोजन**
- पूरी/ बाटी
- खिचड़ी मसाला/पुलाव
- दही बूंदी रायता
- पनीर बटर मसाला
- खीर/गुलाब जामुन/हलुवा/ मीठा

(10) **शाम- 01 कप चाय के साथ 04 बिस्किट**
- उपरोक्त तालिका के अनुसार विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये नाश्ता दोपहर के भोजन एवं रात्रि के भोजन की दरें समग्र रूप से महीने के मान से दी जावें।
- किसी भी विद्यार्थी के दो दिवस अवकाश रहने के पश्चात् की स्थिति में अवकाश दिवसों का भुगतान मासिक दर में 30 का भाग देकर प्रतिदिन के हिसाब से काटा जावेगा।
- विद्यार्थियों के पालकों के भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी इसी दर पर होगी।
- दाल मखानी/मूंग दाल/मसूर दाल

(11) **फल**
- मौसमी फल प्रतिदिन देने होंगे। (सेवफल/केला/ नाशपाती/आम/ तरबूज/ खरबूजा/चीकू/ संतरा इत्यादि)
- दूध रात्रि में 250 मिली.

(डॉ. एस.के. खरे)
प्राचार्य
शासकीय तिलक स्नातकोत्तर
महा. कटनी

जी-15795/21

# नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से निपटेंगे इंश्योरेंस कंपनी के लंबित मामले

## नेशनल, ओरिएंटल इंश्योरेंस एवं आईसीआईसीआई लोम्बार्ड बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि हुये शामिल



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार दिनेश कुमार नोटिया सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की अध्यक्षता में 18 अगस्त को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी मंत आगामी नेशनल लोक अदालत 11 सितंबर 2021 को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी एवं आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों तथा आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपसी समझौते के आधार पर नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के 15 प्रकरणों, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के 15 प्रकरणों एवं आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी के 30 प्रकरणों में निराकरण की सहमति बनी। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता उपस्थित रहे।उक्त बैठक में सचिव श्री नोटिया द्वारा नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

### विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जेल का निरीक्षण

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गतदिवस 17 अगस्त को दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल कटनी का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्यायें सुनते हुये उनके निराकरण हेतु जिला जेल कटनी के अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उक्त जेल निरीक्षण के साथ ही जिला जेल कटनी में निरूद्ध बंदियों के लिये जागरूकता हेतु विधिक साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सचिव ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, प्ली. बार्गिनिंग एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जनकारी प्रदान की। उक्त आयोजन में मनीष कौशिक, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा, जेलर अरविन्द खरेए पीएलव्ही अंजूरेखा तिवारी, लता खरे, श्रीमती ममता गर्ग कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



# सराहनीय रहा 4 साल का कार्यकाल

## रीठी जनपद सीईओ प्रदीप सिंह को दी गई भावभीनी विदाई



**कटनी।** जनपद पंचायत रीठी से शाहनगर स्थानांतरित सीईओ प्रदीप सिंह को जनपद के मंगल भवन में सचिव रोजगार सहायक यंत्री एवं नागरिकों ने भावभीनी विदाई दी। सीईओ प्रदीप सिंह का सम्मान गोकर्ण मिश्रा, दिनेश पटेल, पुष्पेंद्र मिश्रा, सुखी यादव, महेश चक्रवर्ती, राम मनोहर यादव, सोमनाथ पटेल, भगवान दास पटेल ने पगड़ी शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया, वही पंचायत स्पेक्टर एम एल कोल को सचिव संघ अध्यक्ष संतोष पटेल, देवराज केवट, अनुज राय, जमीर खान, मनीष गौतम, अमित खरे, हर लाल पटेल सहित अन्य ने स्मृति चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट कर किया। नवीन साहू का स्वागत जय लाल पांडे, नारायण पटेल, डी डी बेन, अनिल जाटव, अवधेश मिश्रा, विनोद शर्मा, उत्तम राय सहित अन्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ प्रदीप सिंह के विगत 4 साल के कार्यकाल की सराहना की गई। पूर्व बीआरसी विनीत गौतम, एपीओ अजीत सिंह, ओमकार मिश्रा, मिल्लूलाल चक्रवर्ती सहित अन्य द्वारा बताया गया। सीईओ प्रदीप सिंह ने कहा कि 4 साल के कार्यकाल में रीठी जनपद क्षेत्र में सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य कर्मचारियों का जो सहयोग मिला, वह मुझे हमेशा याद रहेगा। प्रदीप सिंह को अभिनंदन पत्र विपिन तिवारी, अजीत सिंह, गोकरण मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा भेंट कर किया गया। आयोजन में सोनेलाल पटेल, सुरेंद्र हल्कार, राकेश कुशवाहा, संत कुमार यादव, अशोक यादव, प्रवीण तिवारी, रामनाथ पटेल, राजेश पटेल, अशोक यादव, अमित खरे, मिथलेश पाठक, चद्रभान, राजेन्द्र सिंह, श्रीधर मिश्रा, राजेन्द्र महोबिया, सीताराम पटेल, भगवान, मोहन पटेल, सोमनाथ पटेल, अरूण राय, विनोद शर्मा, उत्तम राय, अमित नायक, प्रिंस मिश्रा, मनोज राय, पंकज राय, प्रवीण तिवारी , मट्टू खान सहित अन्य जन उपस्थित रहे।



# सर्वशिक्षा अभियान संविदा कर्मचारियों ने सोपा ज्ञापन

**कटनी।** सर्व शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों ने विगत 18 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर कलेक्ट्रेट स्थित काली मंदिर के पास शांतिपूर्वक धरने का आयोजन किया। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राम धुन गाते हुए शाम 4 बजे प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए वर्षो से लंबित संविदा कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके उनका निराकरण करने के लिए संविदा कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सघ के सूर्य प्रकाश सोनी, शेख अफरोज, के पी कोल, राखी शुक्ला, लव कुमार द्विवेदी, रोहित हल्दकार, रुक्मणि गौतम, सविता अग्रवाल, आशा सिंह, आरती डेंगरे, पवन परासर, बी के दहायत, ज्योति अग्निहोत्री सहित समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन





**कटनी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश वासियों से जनभागीदारी से जन आंदोलन का आव्हान किया है। इसी के तहत शुक्रवार एवं शनिवार को फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन देश भर में किया गया। कटनी में जन शिक्षण संस्थान के भूतपूर्व वाईस चेयरमैन एवं संस्थान की निदेशक ने जनशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 की 2 किलोमीटर की दौड़ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि देश की संपूर्ण आबादी को स्वस्थ्य रखने में दौड़ना व पैदल चलना अत्यंत आवश्यक है। पैदल चलने व दौड़ने से अनेका अनेक बीमारियों से निजात मिल जाती है। इस अवसर पर बहोरीबंद ब्लॉक के जनप्रतिनिधि एवं अनुदेशक रिचा नायक, राजकुमारी गुप्ता निदेशक जन शिक्षण संस्थान श्रीमती लाली सिंह, नित्यांशु गहरवार कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी, अखिलेश कुमार लेखाकार, राहुल निषाद क्षेत्रीय समन्वयक, हेमन्त राज कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि दौड़ में सम्मिलित रहे।

# हांका गेंग ने पकड़े आवारा श्वान

## आबादी वाले क्षेत्र से दूर छोड़ा



**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के सार्वजनिक मार्गो में नागरिकों को सुगम यातायात की व्यवस्था उपलब्ध करानें हेतु मुख्य मार्गो के किनारे के अस्थाई अतिक्रमणों को हटानें की कार्यवाही के साथ साथ आवारा मवेशियों को पकड़ने का कार्य भी अनवरत जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि माधवनगर एम.ई.एस कॉलोनी से आवारा श्वानों के विचरण संबंधी शिकायत प्राप्त होनें पर निगम की हांका गेंग के सदस्यों द्वारा कार्यवाही की जाकर 8 नग आवारा श्वानों को पकड़कर आबादी वाले क्षेत्र से दूर छोड़ा गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नगर के पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि नगर की सुगम यातायात व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आवारा मवेशियों को पकडनें का अभियान चलाया जा रहा है। नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा मवेशी विचरण करते पाये जाने पर उन्हे शहर से दूर छोड़ने अथवा गौशाला में बंद करने की कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पशुपालक की होगी।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला 31 को

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी कटनी डीके पासी ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार आत्म निर्भर मध्य प्रदेश के अन्तर्गत रोजगार मेला का आयोजन दिनांक 31 अगस्त को शासकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय, कटनी में आयोजित किया गया है। जिसमें कक्षा 10वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर आईटीआई डिप्लोमाधारी आवेदक जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष हेतु निजी क्षेत्र की कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। रोजगार मेला में सम्मलित होने के लिये दी गई गूगल फार्म की पर 30 अगस्त 2021 को शाम 5.30 बजे तक पंजीयन कर सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने वाले आवेदकों को कोविड-19 की गाईड लाईन का पालन करते हुये आवेदक मेला स्थल पर पहुंचने के लिये निर्देशित किया गया है। बिना मास्क लगाये आवेदकों को मेला स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### बिरसा मुंडा जंयती पर 15 नवम्बर को सामान्य अवकाश घोषित

**कटनी।** राज्य शासन ने 15 नवम्बरए 2021 को बिरसा मुंडा जयंती पर सामान्य अवकाश घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने पूर्व में बिरसा मुंडा जयंती 15 नवम्बर को ऐच्छिक अवकाश घोषित किया था।

# नागरिकों को दी होम कम्पोस्टिंग की जानकारी



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था सहित नगर से निकलने वाले कचरे की मात्रा को कम करने हेतु नियुक्त एजेंसी के माध्यम से रोजाना विभिन्न वार्डो में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु राजीव गांधी वार्ड स्थित रबर फेक्ट्री रोड के रहवासियों से संपर्क किया जाकर गीले एवं सूखे कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए ऑर्गेनिक पदार्थ या खादय पदार्थों के जैविक अपघटन की प्रक्रिया की जानकारी सूक्ष्म जीवों द्वारा हवा एवं पानी की मदद से इन पदार्थो को विघटित कर खाद के रूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा रसायनरहित निर्मित खाद की उपयोगिता की जानकारी प्रदान की जाकर घरों की बगिया एवं गमलों में खाद का उपयोग करने की अपील की गई।

# मोहर्रम पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष सफाई





**कटनी।** अक्टूबर माह में पडने वाले विभिन्न पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना की जा रही नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा रोजाना सफाई मित्रों की उपस्थित रजिस्टर एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर स्वच्छता मित्रों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कये जा रहे है। नगर के मुख्य मार्ग साफ एवं स्वच्छ रहें इस हेतु कचरा प्वाइंटों की सफाई सहित डिवाइडरों के दोनों ओर की सफाई उपरान्त कचरे का उठाव कार्य कराया जा रहा है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुस्लिम समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों मिशन चौक मुख्य मार्ग, डिवाईडर, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित मजार गली, सुभाष चौक रंगनाथ नगर मार्ग स्थित ईमाम बाडा मार्ग, सहित नगर के अन्य मुस्लिम समुदायिक स्थलों में सफाई का कार्य अनवरत जारी है।

नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना की जानें वाली सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः 5 बजे से स्वच्छता मित्रों द्वारा इंदिरा नगर मुख्य मार्ग, पन्ना मोड डिवाइडर, पुरैनी कचरा प्वाइंट, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड की विभिन्न गलियों, शेर चौक मुख्य मार्ग, महात्मा गांधी वार्ड स्थित गांधी गंज, राजीव गांधी वार्ड खिरहनी ओव्हर ब्रिज के उपर, रफी अहमद किदवई वार्ड छात्रावास के बाजू वाली गली में सफाई, रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में साफ सफाई एवं गाजर घांस की कटाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग का कार्य, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, इंडियन काफी हाउस के पास कावस जीवार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, मानसरोवर कॉलोनी में मार्ग के किनारे लगे खरपतवार की कटाई सहित अन्य स्थलों की सफाई की जाकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

सार्वजनिक नालियों के माध्यम से सुगम पानी की निकासी की सुविधा हेतु इंदिरा गांधी वार्ड हरिजन बस्ती की नालियों की सफाई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में खेर माता मंदिर के बाजू वाली गली में सफाई का कार्य, रफी अहमद किदवई वार्ड पानी की टंकी वाली गली की नालियों, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड स्थित नेंनसी स्कूल के सामनें तथा जोगनी माता मंदिर के सामनें वाली नाली, जिला चिकित्सालय के अंदर की नालियों, फारेस्टर वार्ड में हनी साडी सेंटर के सामनें, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में रामकुमार स्कूल के पास की नालियों की सफाई एवं खरपतवार की कटाई सहित अन्य नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।



# सामाजिक संगठन ने किया ध्वजारोहण

**कटनी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामाजिक संगठन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। हमारे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पटेल के निर्देश अनुसार हर कार्य किया जाता है। ध्वजारोहण कर एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए फल और मीठा का वितरण किया गया। प्रदेश प्रभारी आराधना तिवारी, जिला अध्यक्ष ममता गर्गए महामंत्री लता खरे, संगठन की सचिव मीना राजावत, दीपमाला पांडे, अल्पना मिश्रा, विराट मिश्रा, अमित मिश्रा, सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अक्षरनंदन स्कूल में ध्वजारोहण



**कटनी।** अक्षरनंदन हाई स्कूल कटनी में विशिष्ट रूप से संजय गुप्ता जी अध्यक्ष मेन रोड व्यापारी संघ तथा राजेश झारिया शिक्षा प्रकोष्ठ, राजेश पांडे एडवोकेट, श्रीमती मंजू निषाद, श्रीमती पार्वती निषाद एवं अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्नता में छात्र छवि सोनी, महक निषाद, अभी सोनी, अनुज चौधरी, आर्यन निषाद, मोनिका पाठक, इशिका, आशिका जैन एवं अन्य अन्य छात्रों की उपस्थिति में 75 ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती माधुवी पांडे, स्टाफ अंजली पाठक मोनिका जाधवानी एवं अन्य ने गणमान्य नागरिकों तथा छात्रों का आभार प्रकट किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के बेतुके बयान से ऊपर तक खलबली

## मीडिया से कहा था- सस्ता पेट्रोल भरवाना है तो अफगानिस्तान जाएं

**कटनी।** उम्र के क्राइटेरिया को दरकिनार कर सांसद राकेश सिंह की सरपरस्ती में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाये गए रामरतन पायल सस्ते पेट्रोल के लिए अफगानिस्तान जाने की सलाह देकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। मौके-बेमौके मीडिया के साथ बेअदबी से पेश आने के किस्से तो पहले ही मशहूर थे, इस बार तो उनकी जुबान ऐसी फिसली की पार्टी की गाइड लाइन को चीरती हुई जा निकली। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर सवाल करने वाले मीडिया कर्मियों को ही सलाह दे डाली कि उन्हें सस्ता पेट्रोल चाहिए तो अफगानिस्तान जाकर भरवा लें। वहां 50 रुपये लीटर पेट्रोल मिल रहा है, और भरवाने वाला कोई नही। पार्टी में जिले के मुखिया जैसे जिम्मेदार ओहदे पर बैठकर बेतुका बयान देने के बाद जब उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ तो पूरी बात को हल्का करने के लिए उन्होंने इसे मजाक की संज्ञा दे डाली। सवाल यह उठता है कि पार्टी ने उन्हें क्या मीडिया और आम जनमानस के सामने मजाक करने के लिए जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बिठाया है। यदि अपनी गम्भीरता और पार्टी की गरिमा का खयाल नही तो फिर वे श्यामाप्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी को अपनी अनर्गल बयानबाजी से नुकसान क्यों पहुंचा रहे हैं। पायल के इस बयान के बाद कांग्रेस सीधेतौर पर भाजपा पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया में कहा है कि ऐसे बयानों से भाजपा की तालिबानी सोच उजागर होती है।



दरअसल यह पूरा वाक्या जागृति पार्क का है। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ कोरोना गाइडलाइन की परवाह किये बगैर बिना मास्क पौधारोपण कर फुरसत हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाताओं ने जब देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर सवाल किया तो वे भड़क उठे। महंगे पेट्रोल सम्बन्धी सवाल पर उन्होंने बिना कुछ सोचे समझे पत्रकार को ही सलाह दे डाली की आपको सस्ता पेट्रोल चाहिए तो तालिबान-अफगानिस्तान चले जाएं, वहां 50 रुपये लीटर पेट्रोल मिल रहा है। जाहिर है महंगाई के बीच आम जनता के जख्मों पर सीधे नमक छिड़कने वाले इस बयान से बवाल तो मचना ही था। आनन-फानन यह मामला पहले प्रादेशिक और बाद में राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बन गया। कांग्रेस ने बैठे ठाले हाथ आये इस मुद्दे को लपकने में रत्ती भर देर नही की। कटनी के कांग्रेसी तो आक्रामक हुए ही, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की फेसबुक वॉल पर भी कटनी के भाजपा जिलाध्यक्ष के बेतुके बयान का जिक्र आ गया। तल्ख प्रतिक्रियाओं के बीच खुद पार्टी के नीचे से लेकर ऊपर तक के नेता सन्न रह गए। कल से लेकर आज तक भाजपा के नेता समझ ही नही पा रहे कि अपने जिलाध्यक्ष की गलती का बचाव किस रूप में करें, क्योंकि बयान का वीडियो तेजी के साथ वायरल हो चुका और जो कुछ बोला गया है, उससे मुकरने की अब कोई गुंजाइश ही नहीं।

### ऊपर तक खलबली

बवाल मचने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष जरूर इसे मजाक की बात बताने की कोशिश कल से कर रहे हैं लेकिन जो तीर कमान से निकल चुका उसे पार्टी का प्रदेश नेतृत्व भी वापस नही कर सकता। कमरतोड़ महंगाई में पिस रही जनता के लिए यह तीर सीधे गहरे तक चुभने वाला है। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले को लेकर भाजपा में ऊपर तक खलबली मच गई है। महंगाई को लेकर पूरा विपक्ष सरकार को घेरने का कोई मौका नही छोड़ रहा। भाजपा विपक्ष के हमलों को लेकर आम जनता में डैमेज कंट्रोल की रणनीति पर काम कर रही हैं, ऐसे में पार्टी के ही एक पदाधिकारी की बेतुकी बयानबाजी ने पार्टी को असहज कर दिया है। पार्टी के रणनीतिकारों को समझ नही आ रहा कि इस आफत का सामना कैसे करें। बात किसी और जिले की होती तब भी चल जाती, किंतु कटनी जिला पार्टी के मुखिया वीडी शर्मा के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में उनके क्षेत्र के जिलाध्यक्ष की फिसली जुबान पूरे प्रदेश में पार्टी की छवि को दागदार कर रही है। अब मीडिया और आम जनता इस बात की प्रतीक्षा में है कि खुद वीडी शर्मा अपने इलाके में हुई अनर्गल बयानबाजी पर क्या नजरिया रखते हैं।

### पहले भी सार्वजनिक हुए बेअदबी के किस्से

भाजपा जिलाध्यक्ष की बेतुकी बयानबाजी का यह पहला मामला नही, बल्कि मीडिया के लोगों के साथ बेअदबी से पेश आने के किस्से पहले भी सार्वजनिक हो चुके हैं। पिछले कुछ माहों की मीडिया रिपोर्ट्स को देखा जाए तो साफ हो जाएगा कि कटनी जिले में पार्टी और मीडिया के बीच सामंजस्य बिगड़ने की असल वजह क्या है। दो-तीन बार तो ऐसे मौके भी आये जब जिलाध्यक्ष के कथित रवैये की वजह से पत्रकारों ने वीडी शर्मा के कार्यक्रम से दूरी बना ली। प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता के बहिष्कार का रिकार्ड भी इन्ही जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में दर्ज हो चुका है।

### सुलझे हुए राजनेता हैं वीडी शर्मा

इस बात से हर कोई इत्तफाक रखता है कि वीडी शर्मा स्वयं बहुत सुलझे हुए परिपक्व राजनेता है, और अपने संसदीय क्षेत्र के हर कार्यकर्ता के सम्मान के साथ मीडिया को भी बराबर का आदर देते हैं, इसलिए सबकुछ बैलेंस होकर चल रहा है, वरना स्थानीय स्तर पर प्रेस के साथ पार्टी के सम्बंध बिगाड़ने में कोई कसर नही छोड़ी गई, पर सवाल यह है कि वीडी शर्मा आखिर कब तक गल्तियों पर पर्दा डालेंगे। सही मायने में प्रदेश अध्यक्ष की वजह से ही कटनी में संगठन बेहतर तरीके से चल रहा है, क्योंकि उनकी सीधी नजर यहां के संगठन पर है। बिना टीपी रेत के परिवहन के मामले में भी कुछ दिन पहले जब सीधे तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगे तब भी पत्रकारों को ब्लैकमेलर तक कह दिया गया। समझ नही आता कि एक तरफ वीडी शर्मा और प्रदेश के अन्य नेता मीडिया का इतना सम्मान करते है और दूसरी तरफ कटनी जिले में पत्रकारों के साथ बेअदबी की इतनी छूट क्यों दे रखी गई है।

### कार्यकर्ता भी हैं परेशान

ऐसा नही की मौजूदा कार्यकाल में मीडिया से ही तालमेल बिगड़ा हुआ है, बल्कि पार्टी के कार्यकर्ता भी परेशान हैं। पार्टी के अनुशासन की वजह से कोई कार्यकर्ता खुलकर सामने नही आना चाहता किंतु यदि पार्टी के बड़े नेता कभी कार्यकर्ताओं के मन की बात भी जानने की कोशिश करें तो सबकुछ सामने आ जाएगा।

### क्या कहते हैं जिलाध्यक्ष

उधर मीडिया में बयान के बाद अपनी सफाई में भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि मैंने यह बात किसी को आहत करने के उद्देश्य से नही बल्कि हंसी में कही थी। आज केंद्र की भाजपा सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही हैए जिसके लिए रुपये की जरूरत है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें अंतराष्ट्रीय मामला है।

**यशभारत हैल्पलाइन**
**अखबार की प्रति के लिए**
**फोन करें- 230033**





# मोहर्रम आज, इमामबाड़ों में रखे गए ताजिया व सवारियां

**कटनी।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन द्वारा इराक के कर्बला मैदान में अपने साथियों के साथ दी गई शहादत का प्रतीक मोहर्रम मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा आज शुक्रवार को मनाया जा रहा है। इसके पहले कल गुरूवार को मोहर्रम की नवमी तारीख शहादत की रात को शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित इमामबाड़ों में ताजियों और सवारियों को इबादत के बाद रखा गया। मोहर्रम को लेकर शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में खासी चहल-पहल देखी जा रही है। इस बार कोरोना संक्रमण के चलते न तो ताजियां, सवारियां गश्त करेंगी और न ही जुलूस निकाला जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन और शांति समिति की बैठक में हुए निर्णयों का पालन करते हुए ही मोहर्रम पर्व की तैयारियां की गई हैं। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष कैस अहमद लिप्पू भाई ने बताया कि मोहर्रम महीने का दसवां दिन सबसे खास माना जाता है। मुहर्रम के महीने में दसवें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपने प्राणों का त्याग दिया था। इसे आशूरा भी कहा जाता है। मुताबिक शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में इमामबाड़ों में रखे गए ताजियों व सवारियों को आज 20 अगस्त की शाम 5 बजे से 10 बजे के बीच प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कटनी नदी के गाटरघाट स्थित कर्बला में विसर्जन किया जाएगा।

**मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में चहल-पहल, कोविड प्रोटोकॉल के तहत आज शाम गाटरघाट कर्बला में ठंडे होंगे ताजिये**

### इन स्थानों पर रखे गए ताजियां एवं सवारियां

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में पिछले साल की तरह इस साल भी ताजियां व सवारियां रखी गई हैं। जिसमे ईश्वरीपुरा वार्ड में मरहूम मोहम्मद हनीफ टीसी का ताजिया, ईश्वरीपुरा वार्ड आजाद चौक छोटी मस्जिद के पास मो. हासिम का बड़ा ताजिया, ईश्वरीपुरा वार्ड जामा मस्जिद गली में तकिया का ताजिया, ईश्वरीपुरा में मौला भाई का ताजिया, झरी टिकुरिया वार्ड इमाम चौक से मो. जाबिर साहब का ताजिया, झर्रा टिकुरिया मस्जिद के पीछे से शेख बफाती का ताजिया, खिरहनी फाटक से अब्दुल शकूर का ताजिया, लखेरा से मो. अय्यूब का ताजिया, पाठक वार्ड से दिलावर खां का ताजिया, एसीसी फैक्ट्री का ताजिया एसीसी क्वार्टर से, पुराना बस स्टेण्ड रेल्वे क्वार्टर से बशीर अहमद का ताजिया, सुभाष वार्ड से अब्दुल सत्तार का ताजिया, एनकेजे रेल्वे क्वार्टर का ताजिया, नेहरू वार्ड बरगवां से भैया खान का ताजिया शामिल है। इसके अलावा ईश्वरीपुरा वार्ड में अहमद हुसैन बाबा की सवारी, ईश्वरीपुरा में मेराज बाबा की सवारी, ईश्वरी पुरा वार्ड में पप्पू बाबा की सवारी, मिशन चौक से कमाल बाबा की सवारी, मिशन चौक नगीना मस्जिद से मासूम बाबा की सवारी, नगीना मस्जिद के बगल से सुलेमान बाबा की सवारी, सुभाष वार्ड से मोती बाबा की सवारी, सुभाष वार्ड से चांद शाह बाबा की सवारी, भट्टा मोहल्ला इमाम बाडा में जावेद बाबा की सवारी, भारत चौक से हरी बाबा की सवारी, खिरहनी फाटक से शेख रज्जब की सवारी, एनकेजे से मुजावर जमील अहमद की सवारी, एसीसी की सवारी, झर्र टिकुरिया से अज्जू बाबा की सवारी, आरिफ बाबा की सवारी, लखेरा मुस्तकीम बाबा की सवारी, बरगवां से भैयाखाने के घर के पास से सवारी, पाठक वार्ड पानी की टंकी के सामने पप्पू बाबा की सवारी रखी जाएंगी। इसके अतिरिक्त कुछ नई सवारियों के उठने की सभावना है, जिसमे ईश्वरीपुरा वार्ड हाजी अब्दुल सत्तार का अखाड़ा आजाद चौक व धन्ना उस्ताद का अखाड़ा धन्ना का अखाड़ा शामिल है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का बयान आपत्तिजनक : मिथलेश

कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सत्ता का मद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों पर ऐसा बुरा छा गया है कि अब वे महंगाई को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं और ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं भी तालिबान संस्कृति को अपना लिया है। तथा उन्हें महंगाई की एवं जनता की कोई चिंता नहीं है।

### विषपान से युवक की मौत

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम बरतरी में एक 35 वर्षीय युवक के द्वारा विषपान कर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बरतरी निवासी 35 वर्षीय कृष्ण कुमार पिता आशाराम विश्वकर्मा ने गतदिवस अत्यधिक मात्रा में विषपान कर लिया। उसे पहले बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बाद में जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### सीएम राईज स्कूल में शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू

**कटनी।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने के लिये शिक्षा नीति के दृष्टिगत सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालयों की स्थापना सीएम राइज स्कूल के रुप में की जा रही है। स्कूल एकीकृत रुप से कक्षा केजी से कक्षा 10वीं अथवा 12वीं तक स्थापित कर अध्ययन एवं अध्यापन तथा अधोसंरचना सुधार का कार्य किया जा रहा है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार परिलक्षित होगा। इस संबंध में इन विद्यालयों के उन्नमुखीकरण के लिये 24 अगस्त को वेबीनार का आयोजन किया गया है। यह वेबीनार दोहपर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा। लोक शिक्षक संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस वेबीनार के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।


**PRE. REGISTRATION**
**सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)